पेज थ्री देहरादून
देहरादून, शनिवार, 2 अप्रैल 2022
पेज 8
हमारा दून

कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने की नगर विकास/शहरी विभाग की समीक्षा बैठक।



# विद्यार्थी के मन में परीक्षा के तनाव का वातावरण न हो: मुख्यमंत्री

चर्चा

■ सीएम ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया

■ प्रधानमंत्री ने अनेक बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान के मंत्र दिए

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देशभर के विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अनेक बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान के मंत्र दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्ति, आत्मविश्वास बढ़ाने, एकाग्रचित मन के लिए जिस तरह प्रेरित किया गया है, यह विद्यार्थियों के मनोबल को ऊंचाईयों तक पहुंचाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले प्रदेश के सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के मन में परीक्षा के तनाव का वातावरण न हो और आत्मविश्वास हो, तो उसके बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है। बच्चे, माता–पिता एवं गुरुजनों का अनुसरण सबसे अधिक करते हैं। बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणा दी कि बेहतर कार्य करने के लिए मन में उत्साह होना चाहिए। यदि मन में उत्साह हो तो कार्य के प्रति ऊर्जा स्वतः ही आ जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी द्वारा बच्चों की हर जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बच्चों की जिज्ञासा के समाधान का अच्छा मंत्र बताया कि ऑनलाइन या ऑफलाइन शिक्षण माध्यम समस्या नहीं, बल्कि मन समस्या है। यदि किसी कार्य के लिए हमारा मन एकाग्र है, तो वह कार्य सफलतापूर्वक पूरा होता है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को नए रास्ते पर जाने का सम्मान के साथ अवसर दे रही है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, शिक्षा सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आर राजेश कुमार, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ निधि उनियाल के संबद्धीकरण आदेश को निरस्त करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय की वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ निधि उनियाल के अल्मोड़ा मेडिकल कालेज संबद्धीकरण एवं उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की खबरों का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से इस संबद्धीकरण आदेश को निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए मुख्य सचिव डॉ एसएस संधू को निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव डॉ संधू ने अपर मुख्य सचिव मनीषा पवार को उपरोक्त प्रकरण की तथ्यात्मक जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### उत्तराखंड में आए कोरोना के नौ नए मामले

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना संक्रमण के नौ नए मामले मिले, जबकि आठ मरीज स्वस्थ हुए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। कोरोना संक्रमण दर 0.40 प्रतिशत रही है। वहीं, राज्य में सक्रिय मामले 194 रह गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में निजी व सरकारी लैब से 2270 सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इनमें से 2261 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई है। राज्य के तीन जिलों में नौ लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

### बिजली दरों के बढ़ाए जाने की निंदा करती है आप

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने आज प्रदेश की धामी सरकार पर हाल ही में बढ़ाई गई बिजली दरों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में आते ही अपने असली रंग दिखाने शुरू कर दिए हैं। जैसा कि आम आदमी पार्टी पहले से ही कहती आई है कि यह जुमलों की सरकार है उन्होंने यह साबित भी कर दिया है। भाजपा ने साबित कर दिया है कि वह मात्र जुमलेबाजी थी।

### आईआईटी मद्रास के बीएससी डेटा साइंस प्रोग्राम में प्रवेश शुरू

**संवाददाता** देहरादून। अब ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से प्रोग्रामिंग और डेटा साइंस प्रोग्राम में बी.एससी. करने के लिए प्रवेश दिया जाएगा। कॉलेज के विद्यार्थी, कार्यरत प्रोफेशनल और करियर ब्रेक लेने के इच्छुक उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। संस्थान का यह अग्रणी प्रोग्राम 2020 में शुरू की गई एक अभूतपूर्व पहल है जिसके तहत मई 2022 टर्म के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### 22 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड में पांचवें धाम के रूप में पहचान रखने वाले सिखों के प्रमुख तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 22 मई को सुबह 10:30 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सरदार नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने भारतीय सेना और अपने दल के साथ यात्रा मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया। जिसके बाद राज्य सरकार से विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट रविवार 22 मई को सुबह 10:30 बजे खोले जाएंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रस्ट की ओर से अपने सभी गुरुद्वारों, धर्मशाला और विश्राम स्थलों में रखरखाव का कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना भी अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में यात्रा मार्ग पर बर्फ कटान का कार्य शुरु करेगी। गुरुद्वारा ट्रस्ट प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर हेमकुंड साहिब की यात्रा को सुलभ बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# 74 साल के वृद्ध का जवान भालू के साथ बीस मिनट तक युद्ध

साहस

■लहूलुहान वृद्ध ने भालू को जंगल में भगाया

संवाददाता

देहरादून। 74 साल के वृद्ध ने जवान भालू के साथ बीस मिनट तक युद्ध किया। लगभग बीस मिनट चले इस जंग में आखिर वृद्ध ने भालू को भागने के लिए विवश कर दिया। लहूलुहान हो चुके उम्र के चौथे पड़ाव पर पहुंचे बुजुर्ग से हार मान कर भालू जंगल की तरफ भाग गया। यह मामला शुक्रवार सुबह दस बजे का है। मुनस्यारी के चीन सीमा से लगे क्षेत्र में मुनस्यारी से अठारह किमी दूर एक गांव है



जीमिया। जीमिया गांव के बुर्जुग रुद्र सिंह रावत 74 वर्ष लकड़ी बिनने जंगल गए थे। जंगल में लकड़ी एकत्रित करते समय सामने एक भालू आ गया। भालू का देखते ही वृद्ध घबरा गए। चिल्लाने पर भी मदद की संभावना नहीं थी। घने जंगल के बीच कोई मदद के लिए नहीं था। भालू से बचने के बारे में सोचने से पूर्व ही भालू ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। इस दौरान भालू ने वृद्ध को घायल कर दिया।

जान को पूरी तरह खतरे में देखते हुए वृद्ध ने अपना साहस बटोरा और भालू के साथ प्रतिरोध करना प्रारंभ कर दिया। लगभग 15 से 20 मिनट तक वृद्ध और भालू के बीच गुत्थमगुत्था चलती रही। अंत में भालू ने अपनी हार तय मानते वृद्ध को छोड़ कर जंगल का रास्ता अपनाया। बुरी तरह घायल जैसे तैसे गांव के निकट पहुंचे और जोर से आवाज लगाने पर ग्रामीण पहुंचे। लहूलुहान वृद्ध को ग्रामीण मुनस्यारी लाए।

**युवाओं की पीठ बनी एंबुलेंसः** क्वीरी जीमिया गांव मुनस्यारी से मिलम की तरफ लगभग 18 किमी दूर है। यह गांव चीन सीमा को जोड़ने वाले मुनस्यारी –मिलम मार्ग से लगभग सात किमी दूर चिलमधार तक घायल के लिए गांव के युवाओं की पीठ एंबुलेंस बनी। गांव से चिलमधार तक का पैदल मार्ग वर्ष 2001 से लगातार आपदा के चलते इस कदर क्षतिग्रस्त है कि एक आदमी का खुद पैदल चलना मुश्किल है।

### हाईकोर्ट ने एलटी कला वर्ग के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया से रोक हटाई

**संवाददाता** देहरादून। हाई कोर्ट ने राज्य में एलटी कला वर्ग के शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक शुक्रवार को हटा दी। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सुनवाई करते हुए भर्ती रोकने संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया। अभ्यर्थी ओम प्रकाश गौड़ समेत अन्य ने नैनीताल हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि राज्य सरकार ने 13 अक्टूबर 2021 को एलटी वर्ग में 1431 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। इसमें बीएड अनिवार्य किया गया था। इस बीच सरकार ने 25 फरवरी 2022 को नियमों में बदलाव कर कला वर्ग में बीएड की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया। हालांकि बिना बीएड के अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल करना नियम विरुद्ध है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।